दिनांकः 29.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच ज्यादा से ज्यादा लोगों तक बढ़ाने को कहा।
- जोधपुर के अस्पताल में भर्ती ब्रेन डेड महिला के अंगदान से चार लोगों को मिला नया जीवन।
- अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस आज–प्रदेशभर में हो रहे हैं बाघ संरक्षण को लेकर जागरुकता कार्यक्रम।
- सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा – सीयूईटी (यूजी) 2024 का परिणाम घोषित।

..................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा की। श्री मोदी ने सभी को अपने–अपने राज्यों में शासन व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा कल्याणकारी योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। कल नई दिल्ली में भाजपा मुख्यमंत्री परिषद की दो दिवसीय बैठक में श्री मोदी ने ये बात कही। प्रधानमंत्री ने विकास कार्यक्रमों और अन्य प्रयासों में जनभागीदारी पर अधिक जोर देकर देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने के प्रयास करने को भी कहा। इस बैठक का उद्देश्य शासन और कल्याणकारी पहलों की समीक्षा करना था। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह और अमित शाह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

..................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज विधानसभा में राजस्थान वित्त विधेयक 2024 को विचारार्थ लेने के लिए प्रस्ताव रखेंगे। सत्र के दौरान रामगढ़ बांध के बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण से उत्पन्न स्थिति, भीनमाल में बांडी सिंणधरा बांध के बहाव क्षेत्र में स्थित कुछ गांवों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने और सिवाना के वीर नारायण परमार राजकीय महाविद्यालय का निर्माण कार्य जल्दी पूरा करवाने के मामलों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाएगा।

..................

शिक्षा मंत्रालय आज नई दिल्ली में अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2024 के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020–एनईपी के कार्यान्वयन की चौथी वर्षगांठ मनाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विभिन्न भारतीय भाषाओं को सीखने की सुविधा के लिए समर्पित टीवी चैनलों सहित शिक्षा विभाग की कई महत्वपूर्ण पहलों का भी उद्घाटन करेंगे। श्री प्रधान भारतीय ज्ञान परम्परा को बढ़ावा देने के लिए कई पुस्तकों और व्याख्यान नोट्स का भी अनावरण करेंगे।

..................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सरकार मूलभूत चिकित्सा सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आमजन को घर के नजदीक ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकें, इसके लिए स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाया जा रहा है। श्री शर्मा कल बीकानेर के मूलवास–सीलवा में संत श्री दुलाराम कुलरिया राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संत श्री दुलाराम ने गौ सेवा और समाज सेवा को अपने जीवन का मंत्र बनाकर करूणा और परोपकार की भावना को जगाया। उनकी स्मृति में यह पीएचसी उनके आदर्शों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि और कार्यों का सार्थक सम्मान है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान सामाजिक सरोकार की अहम कड़ी है। इससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जुड़ना चाहिए।

..................

प्रदेश में अंगदान के प्रति लोगों में जागरुकता आ रही है। इसी का उदाहरण जोधपुर के अस्पताल में भर्ती महिला के परिजनों ने दिया। एक ब्रेन डेड महिला के अंगदान से चार लोगों को नया जीवन मिला। सड़क दुर्घटना की शिकार इस महिला के परिवार ने जरूरतमंदों को अंगदान करने का फैसला किया। ब्यौरा दे रहे हैं हमारे जोधपुर संवाददाता –

................

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा है कि अंगदान के लिए फर्जी एनओसी मामले के बाद विभाग ने लगातार प्रयास कर प्रदेश में अंगदान कार्यक्रम को फिर मजबूती से खड़ा किया है। कमेटियों का पुनर्गठन करने, एसओपी बनाने और अंगदान तथा प्रत्यारोपण की प्रक्रिया को सुगम और पारदर्शी बनाने जैसे कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

..................

आज अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य बाघों के प्राकृतिक आवासों की रक्षा के लिए वैश्विक प्रणाली को बढ़ावा देना और बाघ संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। भारत में वर्ष 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर के तहत बाघ अभ्यारण्य बनाए गए थे। इनका प्रबंधन राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण करता है। विश्व के 80 प्रतिशत बाघ भारत में मौजूद हैं।

इधर, प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर कई जागरुकता कार्यक्रम हो रहे हैं। जयपुर के नाहरगढ़ जैविक उद्यान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। कक्षा छह से बारह तक के विद्यार्थियों के लिए बाघ संरक्षण पर व्याख्यान, प्रश्नोत्तरी और कोलाज प्रतियोगिताएं रखी गई हैं। इसके मौके पर विद्यार्थियों को पार्क में भ्रमण कराकर वन्यजीवों के बारे में जानकारी भी दी जाएगी।

सवाईमाधोपुर में कल रणथंभौर रोड पर बाघ संरक्षण को लेकर पेंटिंग प्रदर्शनी आयोजित की गई। वहां अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से भी बाघों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरुक किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पिछले कुछ सालों में रणथंभौर अभ्यारण्य में बाघों की संख्या में बढोतरी हुई है।

..................

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी – एनटीए ने सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा – सीयूईटी (यूजी) 2024 का परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा के लिए 14 लाख 99 हजार से अधिक अभ्यर्थी पंजीकृत थे। यह परीक्षा 15 मई से 29 मई के बीच भारत के बाहर 26 शहरों सहित 379 शहरों में स्थित विभिन्न केंद्रों में आयोजित की गई थी। अभ्यर्थियों को और जानकारी के लिए संबंधित विश्वविद्यालयों और संस्थानों से संपर्क में रहने को कहा गया है।

..................

सावन माह के दूसरे सोमवार पर आज प्रदेशभर के शिवालयों में विशेष पूजा और अनुष्ठान किए जा रहे हैं। जयपुर के ताड़केश्वर और झाड़खंड मंदिरों में बम बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। विभिन्न पवित्र स्थलों से कांवडिए जल लाकर शिवजी का अभिषेक कर रहे हैं। कोटपूतली–बहरोड़ में गंगोत्री और हरिद्वार से गंगाजल लाकर भगवान शिव का अभिषेक कर रहे कांवड़िए और श्रद्धालुओं के लिए सेवा शिविर लगाए गए हैं। जैसलमेर में सोनार दुर्ग स्थित रत्नेश्वर महादेव मंदिर में आज सुबह से ही अच्छी बारिश की कामना के साथ महादेव का अभिषेक किया जा रहा है। बीकानेर और भरतपुर में शिव मंदिरों में भक्त दूध, दही, आक, धतूरा, पुष्प और फल से भोलेनाथ का अभिषेक कर रहे हैं। भरतपुर में शाम को फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी। साथ ही जीवित सांपों की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। सवाईमाधोपुर के शिवाड़ स्थित घुश्मेश्वर महादेव मंदिर में सहस्त्र घट तथा रुद्राभिषेक किए जा रहे हैं।

..................